# सख्त हुई सरकार, 237 लोग गिरफ्तार


## 13 प्राथमिकियां दर्ज, सभी आरोपियों पर रासुका के तहत होगी कार्रवाई

लखनऊ/कानपुर/प्रयागराज 11 जून (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसा के सिलसिले में प्रशासन ने शनिवार को पत्थरबाजों और तोड़फोड़ करने वालों को पहचानने का अभियान शुरू किया। पुलिस ने अब तक कुल 13 प्राथमिकी दर्ज करते हुए 237 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता और उसने जुड़े लोगों को कार्रवाई शुरू की।

अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार के मुताबिक प्रयागराज, हाथरस, सहारनपुर, आंबेडकरनगर, मुरादाबाद, अलीगढ़, फिरोजबाद में 237 लोगों को गिरफ्तार किया है। हिंसा के सिलसिले में सबसे ज्यादा 68 प्राथमिकियां प्रयागराज में दर्ज की गईं है। इसके अलावा सहारनपुर, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, मुरादाबाद, अंबेडकरनगर, खीरी और जालौन में भी प्राथमिकियां दर्ज की गईं हैं।

पुलिस ने बताया कि सहारनपुर और प्रयागराज में कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, हिंसा करने वालों को परोक्ष चेतावनी देते हुए, उप्र के मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार मृत्युंजय कुमार ने शनिवार को एक ट्वीट में कहा, 'उपद्रवी याद रखें, हर शुक्रवार के बाद एक शनिवार जरूर आता है।' कुमार ने अपने ट्वीट के साथ एक इमारत को ध्वस्त करते हुए एक बुलडोजर की तस्वीर भी ट्वीट की।



*समाज विरोधी* तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होगी। ऐसे असामाजिक लोगों के लिए सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा, 'विगत दिनों प्रदेश के विभिन्न शहरों में माहौल बिगाड़ने के लिए हुए अराजक प्रयासों में शामिल समाजविरोधी तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होगी। ऐसे असामाजिक लोगों के लिए सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है। यह ध्यान रखें कि किसी भी निर्दोष का उत्पीड़न न हो, लेकिन दोषी एक भी न बचे।'

दूसरी ओर विवादास्पद टिप्पणी के विरोध में भड़की हिंसा के एक सप्ताह बाद कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) ने शनिवार को मुख्य आरोपी के एक करीबी सहयोगी के स्वामित्व वाली एक ऊंची इमारत को ध्वस्त कर दिया। वहीं मुख्य साजिशकर्ता समेत चार आरोपियों को पुलिस ने अदालत के निर्देश पर शनिवार को तीन दिन की पुलिस हिरासत में ले लिया।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) आनंद प्रकाश तिवारी ने शनिवार को इसकी पुष्टि की और बताया कि कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) ने मोहम्मद इश्तियाक के स्वामित्व वाली एक नवनिर्मित इमारत को ध्वस्त कर दिया है, जिसे मुख्य आरोपी जफर हयात हाशमी का करीबी रिश्तेदार कहा जाता है।

उन्होंने कहा कि घटना के कारण, उद्देश्य, धन की आपूर्ति समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जहां तोड़फोड़ की जा रही है वहां पुलिस और प्रशासन मौजूद है।

विशेष जांच दल (एसआइटी) से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि अदालत ने कानपुर हिंसा के मुख्य आरोपी जफर हयात हाशमी, जावेद अहमद खान, मोहम्मद राहिल और सूफियान को 72 घंटे की पुलिस हिरासत में रखने की मंजूरी दे दी है।

पुलिस के अनुसार जफर हयात हाशमी पर हिंसा का मुख्य साजिशकर्ता होने का संदेह है और कथित तौर पर विदेशों से उसने धन प्राप्त किया और हाशमी और उनकी पत्नी से जुड़े बैंक खातों का पता लगाया जा रहा है।पुलिस ने प्रयागराज में पथराव के साजिशकर्ता जावेद अहमद उर्फ जावेद पंप सहित 68 लोगों को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि जावेद अहमद को पुलिस हिरासत में लिया गया है और उससे गहनता से पूछताछ की जा रही है जिसके आधार पर अन्य लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि थाना खुल्दाबाद और थाना करेली में 70 नामजद अभियुक्तों और 5000 से भी ज्यादा अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ 29 गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया अभी तक 68 लोगों पुलिस हिरासत में लिया गया है।

# सहारनपुर : दो आरोपियों के मकान ध्वस्त किए

सहारनपुर, 11 जून (जनसत्ता)।

सहारनपुर पुलिस और प्रशासन ने जुम्मे की नमाज के बाद सहारनपुर नगर में उपद्रव, फसाद और अराजकता फैलाने वाले दंगाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार शाम तक 64 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इन पर रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) भी लगेगा। एसएसपी आकाश तोमर ने शनिवार शाम को बताया कि नगर निगम और पुलिस की टीमों ने आज दो अभियुक्तों मुजम्मिल पुत्र असमत निवासी राहत कालोनी, 62 फुटा रोड, कोतवाली देहात और अभियुक्त अब्दुल वकार पुत्र बिलाल निवासी खाताखेड़ी, बिलाल मस्जिद, थाना मंडी के मकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। दोनों स्थानों पर नगर निगम की टीमें संबंधित थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंची और मकानों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

ध्यान रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपद्रव वाले जिलों के आला अफसरों को कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए थे और एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत संपत्तियां जब्त करने के आदेश दिए थे। सहारनपुर उत्तर प्रदेश के उन जिलों में शामिल है जहां शुक्रवार को नमाजियों में शामिल असामाजिक तत्वों ने जमकर बवाल काटा था। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 64 गिरफ्तारियां भी सहारनपुर जिले में ही गई है। एसएसपी आकाश तोमर ने बताया कि संबंधित थानों की पुलिस लगातार आरोपियों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चिन्हित कर गिरफ्तारी कर रही हैं और असामाजिक तत्वों के घरों को बुलडोजर से ध्वस्त करने का अभियान चलाया जा रहा है।

# तीर्थ पुरोहितों का प्रतिनिधिमंडल कश्मीर के पुरोहितों से मिलेगा

वृंदावन, 11 जून (जनसत्ता)।

तीर्थ पुरोहितों का एक प्रतिनिधि मंडल कश्मीर का दौरा करेगा। प्रतिनिधि मंडल वहां के स्थानीय तीर्थ पुरोहितों से वार्ता करेगा। इस दौरान घाटी में स्थित मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना सुनिश्चित कराई जाएगी। कश्मीर मंडल में अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय एकता और अखंडता को धारण करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पाठक ने बताया कि एक प्रतिनिधि मंडल 14 जुलाई को कश्मीर जाकर कश्मीर क्षेत्र के पुरोहितों से मिलकर वहां स्थित मंदिरों में वैदिक व सनातन पूजा-अर्चना की व्यवस्था कराएगा। उन्होंने बताया कि पाक अधिकृत कश्मीर स्थित सर्वज्ञ पीठ के स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ के आग्रह पर अप्रैल माह में एक प्रतिनिधि मंडल पहले भी गया था। महासभा के अधिवेशन में पारित प्रस्ताव के अंतर्गत आगामी 14 जुलाई को महासभा का 21 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल कश्मीर जाकर इस विषय पर स्थानीय तीर्थ पुरोहितों से चर्चा करेगा।

इस प्रतिनिधिमंडल में पूरे देश के तीर्थ से महासभा के पदाधिकारी जाएंगे। प्रतिनिधि मंडल 15 जुलाई को मार्तंड तीर्थ अनंतनाग में बैठक करेगा। 16 जुलाई को खीर भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद स्थानीय तीर्थ पुरोहितों से विचार-विमर्श किया जाएगा।

# यूपी में कैदियों की समय पूर्व रिहाई के लिए 60 साल की उम्र सीमा हटी

## कारागार महानिदेशक ने कहा, यह कैदियों के लिए उम्मीद की किरण

लखनऊ, 11 जून (भाषा)।

उत्तर प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों के लिए राज्य सरकार ने समय से पहले रिहाई के वास्ते 60 वर्ष की आयु सीमा की शर्त को हटा दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

जेल नीति में संशोधन के बारे में विस्तार से बताते हुए, उप्र के कारागार महानिदेशक आनंद कुमार ने बताया, 'इस आशय का एक निर्णय 7-10 दिन पहले लिया गया था। पहले, आयु सीमा 60 वर्ष थी। इससे पहले किसी कैदी की रिहाई के बारे में विचार नही किया जा सकता था। बाद में, यह विचार किया गया कि यदि किसी व्यक्ति ने 25 वर्ष की आयु में अपराध किया है, तो वह 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने से पहले 35 वर्ष तक जेल में रहेगा। ऐसा कोई तरीका नहीं है जिससे ऐसा व्यक्ति सुधरेगा या सुधार के कोई संकेत दिखाएगा।'

कुमार ने बताया, '...कैदी को सुधार का अवसर मिलना चाहिए, इस सोच के साथ आयु सीमा (60 वर्ष) को हटा दिया गया है।'

उन्होंने कहा कि सरकार 16 साल की कैद पूरी होने के बाद उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी को रिहा करने पर विचार करेगी अगर इस अवधि के दौरान उसे कोई छूट न मिली हो। या फिर कैदी ने अगर छूट का लाभ लिया है तो 20 वर्ष की कैद के बाद समय पूर्व रिहाई पर विचार किया जाएगा।

हालांकि महानिदेशक यह नहीं बता सके कि उप्र की जेलों में बंद कितने कैदियों को इस कदम से फायदा होगा।

उन्होंने कहा, 'बहुत से कैदियों के पास अब एक अवसर उपलब्ध होगा, और यह उनके लिए उम्मीद की एक किरण होगी, कि अगर वे 16 साल की कैद पूरी करते हैं, तो वे जेल में अच्छे आचरण पर समय से पहले रिहाई के पात्र होंगे।'

कुमार ने कहा कि अब तक उत्तर प्रदेश की 74 जेलों में करीब 1.20 लाख कैदी बंद हैं, जिनमें केंद्रीय जेल और जिला जेल भी शामिल हैं।

# मुख्य सचिव ने ग्राम चौपाल में शिरकत की

उन्नाव, 11 जून (जनसत्ता)।

प्रदेश के मुख्य सचिव ने बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम मऊ में ग्राम पंचायतों के सशक्तिकरण को समर्पित एक अभियान के अंतर्गत ग्राम चौपाल में शिरकत की। उन्होंने कहा कि देश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है, लेकिन विकास की गति को बनाए रखने के लिए आप सबका सहयोग अपेक्षित है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने जन चौपाल में सर्वप्रथम सरकार द्वारा संचालित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गायों हेतु भूसा दान करने वाले किसानों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वह भी ग्रामीण अंचल के ही निवासी हैं। इसीलिए वह अक्सर ग्रामीण परिवेश को देखने के लिए गांवों में भ्रमण के लिए जाते रहते हैं। उन्होंने मऊ के सर्वांगीण विकास को देखकर गांव की प्रधान अफसाना को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार उन्होंने गांव का कायाकल्प किया है। मुख्य सचिव ने गांव के विकास में योगदान देने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को भी बधाई दी। मंच का संचालन रत्ना पांडेय व विश्वनाथ तिवारी ने संयुक्त रूप से किया।

मुख्य सचिव ने ऐतिहासिक सिद्ध पीठ मां राजराजेश्वरी मंदिर पहुंच कर पूजन-अर्चन किया। यहां विद्वान आचार्य शशिनाथ अवस्थी और मंदिर के पुजारी पंडित प्रवीण दीक्षित ने वेद मंत्रोच्चार के साथ माता जी का पूजन कराया। उन्होंने मंदिर परिसर के समक्ष औषधीय वृक्ष अशोक और गोल्ड मोहर की पौध का रोपण भी किया। मुख्य सचिव के चौपाल और मंदिर दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेल, अपर जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी अंकित शुक्ला, पुलिस उपाधीक्षक विक्रमाजीत सिंह, खंड विकास अधिकारी नवाबगंज मुनेश चंद्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा सत्य प्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी गिरीश चंद्र साहू, जिला विकास अधिकारी मनीष कुमार, एडीओ पंचायत कौशल कुमार, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी , अधिशासी अभियंता विद्युत , चिकित्सा अधीक्षक, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी तथा स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी आदि सहित सभी राजस्व एवं पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण को लेकर हुए विवाद के बाद पूर्व प्रधान की हत्या

मुजफ्फरनगर, 11 जून (जनसत्ता)।

चरथावल थाना क्षेत्र के गांव पावटी खुर्द में सड़क निर्माण को लेकर हुए विवाद के बाद बीती देर रात 65 वर्षीय पूर्व प्रधान शराफत की गला दबाकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार देर रात सड़क निर्माण को लेकर पूर्व प्रधान शराफत तथा पूर्व प्रधान हुस्नआरा के पुत्र दानिश के बीच कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पूर्व प्रधान शराफत ने सड़क ऊंची कराए जाने पर नाराजगी जाहिर की। इस पर उनकी बहस दानिश से हो गई।

# चंदौली : अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत

चंदौली 11 जून (जनसत्ता )।

शनिवार को जिले के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के हृदयपुर रेलवे क्रासिंग पार करते समय एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वहीं चकिया कोतवाली क्षेत्र के करमचा बाड़ेपर (हरिपुर) गांव के पास मैजिक से दबकर जा रही एक महिला की मौत हो गई।

तीसरी घटना में नौगढ़ थाना क्षेत्र के गोड़टुटवा गांव के पास भूसा लेकर जा रही मैजिक से बाइक अनियंत्रित होकर टकराई, जिससे बाइक चालक की मौत हो गई जबकि पीछे बैठे दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के सहजौर गांव निवासी रवि यादव (32) ट्रैक्टर-ट्राली से मिट्टी गिराने का काम करता था। शनिवार की सुबह इसी सिलसिले में बाइक से हृदयपुर गांव जा रहा था। रेलवे क्रासिंग पार करते समय फोन पर किसी से बात कर रहा था। उसी दौरान ट्रेन आ रही थी। वहां मौजूद लोगों ने आवाज देने के बावजूद रवि ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं दूसरी ओर चकिया कोतवाली क्षेत्र के करमचा बाड़ेपर (हरिपुर) गांव के पास चंपा देवी (50) शनिवार की सुबह घर के बाहर से उपले पाथकर वापस घर लौट रही थी।

# कोविड के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जोरदार वापसी की : अमेरिका

वाशिंगटन, 11 जून (भाषा)।

अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को संसद को सौंपी गई एक रिपोर्ट में कहा है कि कोविड-19 की तीन लहरों का सामना करने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जोरदार वापसी की है।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी अपनी अर्द्धवार्षिक रिपोर्ट में कहा कि भारत में महामारी की दूसरी लहर ने 2021 के मध्य तक आर्थिक वृद्धि पर बहुत ज्यादा असर डाला था, जिसकी वजह से अर्थव्यवस्था को पटरी पर लौटने में देरी हुई। भारत के कोविड-रोधी टीकाकरण प्रयासों की प्रशंसा करते हुए मंत्रालय ने कहा, हालांकि वर्ष की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियों ने जोरदार वापसी की और भारत के टीकाकरण कार्यक्रम में तेजी आई। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने कहा कि वर्ष 2021 के अंत तक, भारत की लगभग 44 फीसद आबादी का टीकाकरण पूरा हो चुका था।

मंत्रालय ने कहा कि 2020 में भारत की विकास दर सात फीसद थी। 2021 की दूसरी तिमाही में विकास दर महामारी से पहले के स्तर पर पहुंच गई और 2021 में पूरे साल विकास दर आठ फीसद रही। साल 2022 की शुरुआत में कोरोना के ओमीक्रान स्वरूप के चलते भारत को कोविड-19 की तीसरी लहर का भी सामना करना पड़ा था, लेकिन इस दौरान मृतकों की संख्या और आर्थिक गिरावट सीमित ही रही।

मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार ने 2021 में महामारी को देखते हुए उसके दुष्प्रभावों से बचाने के लिए अर्थव्यवस्था को वित्तीय सहायता प्रदान करना जारी रखा। अधिकारियों का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2022 में कुल राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6.9 फीसद तक हो गया, जो कि महामारी से पहले के राजकोषीय घाटे से अधिक है।

मंत्रालय के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक ने मई, 2020 से अपनी प्रमुख नीतिगत दरों को चार फीसद पर बरकरार रखा, लेकिन जनवरी 2021 में इसने कोविड-19 महामारी के शुरुआती दौर में विकास के लिए तैयार किए गए असाधारण उपायों पर धीरे-धीरे अमल करना शुरू किया।

# विदेशी मुद्रा भंडार घट कर 601.057 अरब डालर पर

मुंबई, 11 जून (भाषा)।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार तीन जून को समाप्त सप्ताह में 30.6 करोड़ डालर घट कर 601.057 अरब डालर पर आ गया। आरबीआइ के आंकड़ों के अनुसार इससे पिछले सप्ताह, विदेशी मुद्रा भंडार 3.854 अरब डालर बढ़ कर 601.363 अरब डालर हो गया था।

20 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.23 अरब डालर बढ़ कर 597.509 अरब डालर रहा था।

समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का कारण विदेशी मुद्रा आस्तियों में आई गिरावट है, जो कुल मुद्रा भंडार का एक महत्त्वपूर्ण घटक है। आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 20.8 करोड़ डालर घट कर 536.779 अरब डालर रह गई।

# 'आयकर रिटर्न की संख्या में बढ़ोतरी का रुझान'

पणजी, 11 जून (भाषा)।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की अध्यक्ष संगीता सिंह ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 में आयकर रिटर्न की संख्या में वृद्धि हुई है।

सिंह ने कहा कि बीते वित्त वर्ष में आयकर रिटर्न की संख्या 7.14 करोड़ थी, जो उसके एक साल पहले 6.9 करोड़ थी। इस तरह आयकर रिटर्न की संख्या में स्पष्ट वृद्धि दर्शाती है। उन्होंने कहा कि करदाताओं के संख्या और संशोधित रिटर्न दाखिल करने की संख्या में वृद्धि हुई है।

सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि बोर्ड कर संग्रह में वृद्धि देख रहा है। यह स्थिति आमतौर पर तब बनती है, जब देश में आर्थिक विकास तरक्की के रास्ते पर हो। सिंह ने कहा कि यदि आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हों तो खरीद और बिक्री में भी वृद्धि होगी। जब तक अर्थव्यवस्था नहीं बढ़ती है, तब तक करों की मात्रा में वृद्धि नहीं हो सकती है।

उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के कारण विभाग करों के भुगतान में भी वृद्धि देख रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों ने अधिक डिजिटल भुगतान करना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि करदाताओं को सूचनाएं देने की पहल, उन्हें समय पर करों का भुगतान करने के बारे में जागरूक बनाने में भी योगदान दे रही है। हमने हाल के वर्षों में व्यापक तौर पर डिजिटलीकरण भी किया है।

सीबीडीटी अध्यक्ष के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में कर संग्रह 14 लाख करोड़ रुपए से अधिक का हुआ है, जो वित्त वर्ष 2019-20 के कर संग्रह की तुलना में काफी अच्छा है।

ADD-SHOP E - RETAIL LTD.
World's Greatest Opportunity

**ADD-SHOP E-RETAIL LIMITED**

Add -Shop E-Retail Limited was originally incorporated on August 20, 2013 as "Add-Shop Promotions Private Limited" having its registered office at Shree Ashapura Complex, Shop No. 202, 2nd Floor, Opp. Ahya Commercial Centre, Gondal Road, Rajkot-36002, Gujarat, India, under the provisions of the Companies Act, 1956 bearing Certificate of Incorporation No. U51109GJ2013PTC076482 issued by the Registrar of Companies, Gujarat, Dadra and Nagar Havelli. Subsequently our Company was converted into a Public Limited Company pursuant to special resolution passed by the shareholders at the Extraordinary General Meeting held on June 11, 2018 and fresh certificate of incorporation consequently upon change of name was issued by Registrar of Companies, Gujarat, Ahmedabad dated June 21, 2018 and name of our Company was changed to Add-Shop Promotions Limited and a fresh certificate of incorporation was issued bearing U51109GJ2013PLC076482. The name of the Company was further changed to Add-Shop ERetail Limited and a fresh certificate of Incorporation bearing CIN No. L51109GJ2013PLC076482 was issued by Registrar of Companies Ahmedabad, Gujarat.

**Registered & Corporate office**: B-304 Imperial Height 1150ft Ring Road Rajkot-360005, Gujarat, India
**Contact Person:** Mr. Nirajkumar Malaviya, Company Secretary & Compliance Officer; **Tel No:** 0281-2363023
**E-Mail ID:** investor@addshop.co; **Website**: www.addshop.co; **CIN**: L51109GJ2013PLC076482

**OUR PROMOTERS:(I) MR. DINESHBHAI BHANUSHANKAR PANDYA (II) MRS. JAYSHREE DINESHBHAI PANDYA (III) MR. JIGAR DINESHKUMAR PANDYA (IV) MR. DEV DINESHBHAI PANDYA (V) MS. DEVIBEN DINESHBHAI PANDYA**

**FOR PRIVATE CIRCULATION TO THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS OF OUR COMPANY**

**THE ISSUE**

**ISSUE OF UPTO [●] FULLY PAID UP EQUITY SHARES WITH A FACE VALUE OF ₹10/- EACH OF OUR COMPANY FOR CASH AT AN ISSUE PRICE OF 54/- PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF 44/- PER EQUITY SHARE ("RIGHTS EQUITY SHARE") FOR AN AGGREGATE AMOUNT NOT EXCEEDING ₹49.50 CRORES ON A RIGHTS BASIS TO THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS OF OUR COMPANY IN THE RATIO OF [●] RIGHTS EQUITY SHARE(S) FOR EVERY [●] FULLY PAID-UP EQUITY SHARE(S) HELD BY THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS ON THE RECORD DATE, THAT IS ON[●] (THE "ISSUE"). THE ISSUE PRICE FOR THE RIGHTS EQUITY SHARES IS 5.4 TIMES THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES. FOR FURTHER DETAILS, SEE "TERMS OF THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE 118 OF THE DRAFT LETTER OF OFFER**

This Public Announcement is made in compliance with the provisions of Regulation 72(2) of the Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital & Disclosure Requirements) Regulations, 2018 (the "SEBI ICDR Regulations"), to inform the public that the Company is proposing subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, an issue of Equity Shares to its equity shareholders on rights basis and has on June 11, 2022 filed a Draft Letter of Offer ("DLOF") with the Designated Stock Exchange BSE Ltd. Since the size of the Rights issue is less than Rupees Fifty (50.00) crores, the DLOF has not been filed with Securities and Exchange Board of India ("SEBI") nor SEBI shall issue any observation on the DLOF. The DLOF is available in the website of Stock Exchange, i.e., BSE Limited ("BSE") at www.bseindia.com, the website of Lead Manager to the Issue at www.finshoregroup.com and website of the Company at www.addshop.co.

Investment in equity and equity related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this offer unless they can afford to take the risk with such investment. Investors are advised to read the Risk Factors carefully before taking an investment decision in this offering. For taking an investment decision, investors shall rely on their own examination of the issuer and the offer including the risks involved. The Right Equity Shares being offered in this issue have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("**SEBI**") nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of this document.

**Investors should read the offer document carefully, including the "Risk Factors" beginning on page 20 of the offer document before making any investment decision.**

| LEAD MANAGER TO THE ISSUE | REGISTRAR TO THIS ISSUE & COMPANY |
| --- | --- |
| FINSHORE Creating Enterprise Managing Values<br>**FINSHORE MANAGEMENT SERVICES LTD**<br>Anandlok", Block-A, 2nd Floor, Room No. 207, 227 A.J.C Bose Road, Kolkata-700020, West Bengal<br>**Telephone:** 033 – 22895101<br>**Email:** ramakrishna@finshoregroup.com<br>**Website:** www.finshoregroup.com<br>**Investor Grievance:** info@finshoregroup.com<br>**Contact Person:** Mr. S. Ramakrishna Iyengar<br>**SEBI Registration No:** INM000012185<br>**CIN No:** U74900WB2011PLC169377 | CAMEO<br>**CAMEO CORPORATE SERVICES LTD**<br>"Subramanian Building", No. 1, Club House Road, Chennai - 600 002, India<br>**Tel No:** +91-44-40020700<br>**Fax:** +91-44-28460129<br>**Email:** priya@cameoindia.com<br>**Investor Grievance Email Id:** investor@cameoindia.com<br>**Contact Person:** Ms. K Sreepriya<br>**Website:** www.cameoindia.com<br>**SEBI Registration Number:** INR000003753<br>**CIN No:** U67120TN1998PLC041613 |

All capitalised terms used and not specifically defined herein shall have the same meaning ascribed to them in the DLOF.

For **Add-Shop E-Retail Limited**
**On behalf of the Board of Directors**

**Sd/-**
Date: June 11, 2022 **Nirajkumar Kishorbhai Malaviya**
Place: Rajkot **Company Secretary and Compliance Officer**

This Public announcement has been prepared for publication in India and may not be released in any other jurisdiction. Please note that the distribution of the DLOF and the Issue of equity shares on a rights basis to persons in certain jurisdictions outside India may be restricted by legal requirements prevailing in those jurisdictions. Accordingly, any person who acquires Rights Entitlements or Rights Equity Shares will be deemed to have declared, warranted, and agreed that at the time of subscribing to the Rights Equity Shares or the Rights Entitlements, such person is not and will not be in the United States and/or in other restricted jurisdictions. The Rights Equity Shares of the Company have not been and will not be registered under the United States Securities Act of 1933, as amended ("**Securities Act**"), or in any other jurisdiction which have any restrictions in connection with offering, issuing and allotting Rights Equity Shares within its jurisdiction and/or to its citizens. The offering to which the DLOF relates is not and under no circumstances is to be construed as, an offering of any Rights Equity Shares or Rights Entitlements for sale in the United States or any other jurisdiction other than India or as a solicitation therein of an offer to buy any of the said Rights Equity Shares or Rights Entitlement.

www.readwhere.com

